पंचदश बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या–02 सोमवार, दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 ई० ।

<u>माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।</u>

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.10 बजे पूर्वा० तक

[1] <u>कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन</u> :-

''माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री श्रवण कुमार द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर, 2014 को संपन्न हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय से संबंधित प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखा गया जिस पर सदन की सहमति हुई ।''

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए आसन द्वारा अनेकों बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और सीट पर जाकर अपनी बातों को कहें । लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।''

<u>स्थगनोपरान्त</u>

12.00 बजे मध्या० से 12.10 बजे अप० तक ।

[2] <u>कार्य स्थगन</u> :-

मा० सदस्या डा० उषा विद्यार्थी, डा० अच्युतानन्द एवं श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा दिए गए कार्य स्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गयी ।

[3] <u>शून्यकाल</u> :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी यादव

(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(iii) श्री राजेश्वर राज

(iv) श्री प्रदीप कुमार

(v) डा० इजहार अहमद

[4] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री गृह (विशेष) विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा मधुबनी पुलिस फायरिंग न्यायिक जाँच आयोग से प्राप्त प्रतिवेदन Volume-1 तथा प्रतिवेदन पर विभाग द्वारा समर्पित कृत कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन (ATR) की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग श्री नौशाद आलम द्वारा बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का प्रतिवेदन, 2014 एवं उस पर सरकार का व्याख्यात्मक संलेख की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[5] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ट ।

(ii) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह द्वारा पढ़ी गयी तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहे और जो भी कहना है अपनी सीट पर जाकर कहे परन्तु शोरगुल जारी रहा और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

समय : 2.00 बजे अप० से 02.15 बजे अप० तक ।

सभा की कार्यवाही प्रारंभ होते ही भा०ज० पार्टी के मा० सदस्यगण वेल में आकर विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे ।

[6] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-2015 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन पटल पर रखा गया ।

[7] **राजकीय संकल्प :-**

माननीय मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा संसद के दोनों सदनों द्वारा यथापारित ''संविधान (121वाँ संशोधन) विधेयक, 2014'' के अनुसमर्थन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसपर सर्वसम्मति से सदन की सहमति हुई ।

[8] **निवेदन :-**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 11 (ग्यारह) निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 23.12.2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-22.12.2014

हरेराम मुखिया

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।